(५)

उपायुक्त का न्यायालय, दुमका

रे0मि0 अपील वाद सं0 03/2018–19

नरेश चौधरी..अपीलकर्त्ता

बनाम

16/–रैयत मौजा बलवारा..उत्तरकारी

आदेश

22-10-2021

यह रे0मि0 अपील वाद, अनुमंडल पदाधिकारी, दुमका के पी0ए0 वाद सं0–46/12–13 में पारित आदेश दिनांक–01.03.2013 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलकर्त्ता के विद्वान अधिवक्ता को सुना तथा अभिलेख में उपब्ध कागजातों का अवलोकन किया।

अपीलकर्त्ता का कहना है कि मौजा बलवारा अंचल सरैयाहाट के नियुक्त प्रधान अपीलकर्त्ता के पिता अनन्त लाल चौधरी थे, जिनकी नियुक्ति पी0ए0 वाद सं0–80/93–94 आदेश दिनांक–02.08.95 द्वारा हुई थी। इस आदेश के विरूद्ध उपायुक्त के न्यायालय दुमका में रे0मि0 अपील वाद सं0–35/95–96 दायर किया गया। इस अपीलवाद को तत्कालीन उपायुक्त ने आदेश दिनांक–22.12.14 द्वारा निम्न न्यायालय के आदेश सही मानते हुए खारीज किया गया। इस आदेश के विरूद्ध में माननीय आयुक्त संताल परगना प्रमण्डल दुमका के न्यायालय में रे0मि0 रिवीजन 62/2004–05 दायर किया गया है जो वर्तमान में अंकित है।

अपीलकर्त्ता के विद्वान अधिवक्ता का आगे कहना है कि अपीलकर्त्ता के पिता जो मौजा के नियुक्त प्रधान थे, की मृत्यु दिनांक–07.07.2012 को हो चुकी है। अपीलकर्त्ता पूर्व प्रधान के जेष्ठ पुत्र है। जेष्ठ पुत्र होने के नाते उन्होंने निम्न न्यायालय में मौजा का प्रधान पद पर नियुक्ति हेतु पी0ए0वाद सं0–46/12–13 दायर किया गया किन्तु निम्न न्यायालय द्वारा उनके आवेदन को यह कहकर स्थगित रखा गया कि इनके पिता की नियुक्ति के विरूद्ध माननीय आयुक्त के न्यायालय में रिवीजन वाद वर्तमान में लंबित है।

(5)

उनका यह भी कहना है कि पूर्व प्रधान की मृत्यु हो चुकी है। ऐसी स्थिति में निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश न्यायासंगत नही है। अतः निम्न न्यायालय के आदेश को विलोपित करते हुए अपील आवेदन को स्वीकृत किया जाय।

16/– रैयतो पर निर्गत नोटिस का तामिला प्राप्त है किसी रैयत द्वारा उपस्थिति नहीं दिया गया है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि अपीलकर्त्ता के पिता की नियुक्ति के विरूद्ध दायर रिवीजन वाद माननीय आयुक्त संताल परगना प्रमण्डल दुमका के न्यायालय में लंबित है। इस रिवीजन के लंबित रहते अपीलकर्त्ता को प्रधान पद पर नियुक्त किया जाना न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। अतः अपीलकर्त्ता के आवेदन को खारीज किया जाता है।

303 20-12-21

लेखापित एवं संशोधित

उपायुक्त,
दुमका।

उपायुक्त,
दुमका।

Digitally signed by RAVI SHANKAR SHUKLA
Date: 2022.12.07 14:02:25 +05:30
Location: 169.254.227.244